**E-mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका सं0** : 03/भू0अ0नि0 (3) सं0 स्था0 (किशनगंज)–13/2025.2897... **पटना, दिनांक** 21/08/2026

# आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज के पत्रांक–921–II दिनांक 22.11.2025 द्वारा श्री लव राज (Emp.Id-AEN02251), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध दिनांक 19.01.2024 को कार्यालय में योगदान समर्पित करने के पश्चात लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित किया गया है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 35 दिनांक 05.01.2026 द्वारा श्री राज से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में अंकित किया गया है कि वे विगत 04 वर्षों से गंभीर बिमारी (Ulcerative Colitis) से पीड़ित होने के कारण कार्य करने में असमर्थ थे। साथ ही बीमारी का आधार बनाते हुए मनचाहे/निकटतम जिले में पदस्थापन से संबंधित तथ्य अंकित किया गया है।

चूँकि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका दिनांक 19.01.2024 से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है एवं इनके द्वारा निदेशालय को समर्पित स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर में बीमारी को आधार बनाते हुए मनचाहे/निकटतम जिले में पदस्थापन की शर्त रखना संविदा शर्तों का प्रत्यक्ष एवं गंभीर उल्लंघन है। इनका यह आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है, इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन/अनुशंसा के आलोक बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधित नियमावली, 2022 की कंडिका–8(4) में वर्णित प्रवाधान के तहत श्री लव राज (Emp.Id-AEN02251), विशेष सर्वेक्षण अमीन का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

Suharsh 21/08/26
**(सुहर्ष भगत)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (3) सं0 स्था0 (किशनगंज)–13/2025 2897.........**पटना, दिनांक** 21/08/2026

**प्रतिलिपि** : श्री लव राज (Emp.Id-AEN02251), विशेष सर्वेक्षण अमीन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 17/08/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (3) सं0 स्था0 (किशनगंज)–13/2025 2897.........**पटना, दिनांक** 21/08/2026

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 17/08/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (3) सं0 स्था0 (किशनगंज)–13/2025 2897.........**पटना, दिनांक** 21/08/2026

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत इसकी व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करें हेतु प्रेषित।

Suharsh 17/08/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Amit sir\Director\Order\13-2025-11-08-2026 (Terminate Love).doc